पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
.नई दिल्ली, बुधवार, 8 जनवरी, 2020 | वर्ष-12 | अंक -267 | पृष्ठ - 14 | मूल्य - 4.00 रुपए

ठंड में जरूरतमंद लोगों को वितरित किए गर्म कपड़े

ग्रेटर नोएडा, 7 जनवरी (देशबन्धु)। बढ़ती ठंड को देखते हुए गौड़ ग्रुप ने जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े बांटने के लिए एक मुहिम चलाई, जिसमें गौड़ बिज पार्क में बॉक्स लगाए गए। जिसमें ग्रुप के कर्मचारियों के साथ सोसाइटी के रेसीडेंट्स ने कपड़े देकर पूर्ण सहयोग किया। इस कार्यक्रम में काफी लोग उपस्थित हुए जहां लोगों को गर्म कपड़े बांटे गए। इस कार्यक्रम के आयोजन से सभी लोगों ने सराहना की। गुप ने समय-समय पर लोगों की मदद की है, इसके साथ-साथ ग्रुप प्रेरणादायी गतिविधि भी कराता है, जिसमें स्वच्छता व शिक्षा व अन्य गतिविधि शामिल है। ताकि एक स्वच्छ व स य समाज बन सके। इसके साथ ही गौड़ ग्रुप बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में शत-प्रतिशत भागीदारी निभा रहा। ऐसे कार्यों से गौड़ ग्रुप की दिल्ली एनसीआर में एक अलग पहचान रही है। गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि हमने ऐसे सामाजिक गतिविधियों में हमेशा योगदान किया है।